## संक्षिप्त समाचार

### शिविर में 210 लोगों ने लाभ उठाया



सीमा सन्देश संवाददाता

**झुंझुनूं।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय केदारमल हलवाई की स्मृति में ? उनके परिवार द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला झुंझुनूं में संपन्न हुआ। शिविर में 210 रोगियों की जांच कर निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में रमाकांत हलवाई, डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, देवेंद्र कुमार गौड़, प्रदीप कुमार शुक्ला, डॉ. मूलसिंह, प्रमोद कुमार, रमेशचंद्र अग्रवाल व काफी संख्या में गणमान्य जन व डॉक्टर्स टीम उपस्थित रहे।

### सरपंच तारा पूनियां ने किया प्रधानाचार्य आशा मीणा का स्वागत



सीमा सन्देश संवाददाता

**नवलगढ़।** बाय स्थित राजकीय बालिका उमावि में नवनियुक्त प्रधानाचार्य आशा मीणा का बाय सरपंच तारा पूनिया ने स्वागत किया। इस मौके पर विद्यालय परिसर में पक्षियों के लिए परिण्डे भी बांधे गए। कार्यक्रम में पीईईओ बाय विनोद कुमार लोहिया, पूर्व प्रधानाचार्य जुगलकिशोर, सुल्तान सिंह केरोडि, शोकत अली आदि मौजूद रहे।

### अक्षय तृतीया के मौके पर गौदान किया



सीमा सन्देश संवाददाता

**झुंझुनूं।** अक्षय तृतीया के मौके पर विश्वनाथ टोडेका मास्टरजी निवासी अलसीसर ने अपनी माता स्व. रामादेवी एवं पिता स्व. लक्ष्मीनारायण शर्मा की पुण्यतिथि के निमित्त एक दुधारू गाय बछिया सहित अलसीसर गौशाला में गौदान किया।

### डॉ. मालानी ने दिए हेरिटेज संरक्षण को लेकर सुझाव

डिप्टी सीएम दिया कुमारी का किया सम्मान भी



सीमा सन्देश संवाददाता

**झुंझुनूं।** युवा भाजपा नेता और समाजसेवी डॉ. मधुसुदन मालानी खाटूश्यामजी में हेरिटेज को लेकर हुई बैठक में शामिल हुए। डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने डॉ. मालानी को इस बैठक में विशेष तौर पर बुलाया। जिसमें शेखावाटी क्षेत्र की ऐतिहासिक हवेलियों के संरक्षण और श्री खाटूश्यामजी मंदिर कॉरिडोर के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर आयोजित बैठक में सीकर, झुंझुनूं और चूरू के जिला कलेक्टर, पर्यटन हितधारक, श्री श्याम मंदिर कमेटी के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। बैठक में डॉ. मालानी ने भी अपने सुझाव रखे। जिनकी सभी ने प्रशंसा की। इस मौके पर डॉ. मालानी ने डिप्टी सीएम दिया कुमारी को स्मृति चिह्न देकर सम्मान भी किया। डॉ. मालानी ने बताया कि सूबे की भजनलाल सरकार शेखावाटी के विकास के लिए कृत संकल्पित है। यह बैठक भी शेखावाटी के विकास को आगे ले जाने के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

### बिरला बालिका विद्यापीठ की छात्राओं का एरोबिक्स राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

सीमा सन्देश संवाददाता

**पिलानी।** बिरला बालिका विद्यापीठ पिलानी की छात्राओं ने गोवा में आयोजित एरोबिक्स राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में 12 छात्राओं ने भाग लिया व 9 श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 पदक जीतने में कामयाब रही। छात्राओं की इस उपलब्धि को देखते हुए, सभी 12 छात्राओं का चयन दुबई में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय एरोबिक्स प्रतियोगिता के लिए किया गया है। जो 29 मई से 2 जून 2025 तक आयोजित होगी। बिरला शिक्षण संस्थान के निदेशक मेजर जनरल एस. एस.नायर ए.वी.एस. एम. ने विजेता छात्राओं को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि छात्राओं की कड़ी मेहनत और अनुशासन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में ये छात्राएं इसी तरह अपने विद्यालय का नाम रोशन करेंगी।छात्राओं की इस उपलब्धि विद्यालय की प्रबंधक डॉ. एम. कस्तूरी ने छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि यह उनके लिए बड़ा अवसर होगा और वे अपने खेल को और भी बेहतर बनाने के लिए प्रेरित होंगी। इसी क्रम में प्रभारी प्राचार्या श्रीमती अचला वर्मा ने छात्राओं को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह छात्राओं की सतत मेहनत और समर्पण का ही परिणाम है।

# श्रीश्याम आशीर्वाद सेवा संस्था का अभियान 'ठंडा पानी' जारी

## लॉयंस क्लब झुंझुनूं के साथ तीन वाटर कूलर लगा दिए एवं दो जल्द लगाए जाएंगे

### सेवा का पर्याय बनी श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था

सीमा सन्देश संवाददाता

**झुंझुनूं।** जनकल्याणकारी कार्यों में अग्रणी सेवा का पर्याय बनी श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था द्वारा इस गर्मी के मौसम में लॉयंस क्लब झुंझुनूं के साथ मिलकर सरकारी स्कूलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कूलर लगाए जाने का समाजोपयोगी अभियान ठंडा पानी शुरू किया गया है। जिसके तहत विभिन्न उदारमना दानदाताओं व भामाशाहों के सहयोग से वाटर कूलर लगवाए जा रहे है। जानकारी देते हुए संस्था के संस्थापक ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि हाल फिलहाल दादाबाड़ी के समीप एक सरकारी स्कूल में सिंगापुर प्रवासी नवीन गाडिया के सौजन्य से वाटर कूलर, दूसरा मोडा पहाड़ रोड स्थित सरकारी स्कूल में श्रीमती गिन्नी देवी राधा बल्लभ खेतान चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से वाटर कूलर तथा तीसरा वाटर कूलर गांधी चौक में सेठ नेतराम मघराज टीबड़ेवाला परिवार के सौजन्य से लगाया जा चुका है। इसी क्रम में बगड़ रोड स्थित पंसारी लॉयंस अस्पताल परिसर में एक वाटर कूलर स्वर्गीय अशोककुमार तुलस्यान की पुण्य स्मृति में उनके परिवारजन की ओर से तथा एक वाटर कूलर पुरानी सब्जी मंडी शहर में जेके मोदी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पुराना भवन झुंझुनूं में श्रीमती गिन्नी देवी राधा वल्लभ खेतान चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से लगाया जा रहा है। जिनका लोकार्पण बहुत जल्द करवाया जाएगा। डॉ. तुलस्यान ने बताया कि सेवा का पर्याय बनी श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था द्वारा विगत पांच वर्षों से प्रति वर्ष हजारों की संख्या में सर्दी के मौसम में कंबल वितरण, कोरोना काल में लाखों की संख्या में मास्क, सैनिटाइजर, सैनिटाइजर स्टैंड, राशन सामग्री, फूड पैकेट्स वितरण, सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत हेलमेट वितरण तथा सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को जूते, जुराब, पाठ्य सामग्री एवं स्वेटर वितरण प्रमुखता से किया गया। उन्होंने बताया कि शेखावाटी में गर्मी अन्य जगहों की बजाय अधिक पड़ती है। इसके लिए संस्था का प्रयास है कि प्यासे को शीतल जल सुगमता से उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि भूखे को भोजन व प्यासे को पानी पिलाना ही सर्वश्रेष्ठ सेवा होती है। वाटर कूलर लगवाने से आम जन को गर्मियों में ठंडा पीने का पानी मिल सकेगा। डॉ. तुलस्यान ने लॉयंस क्लब झुंझुनूं का भी आभार व्यक्त किया है कि वे उनके इस मिशन में साथ है। श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के प्रमुख रूप से ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, एडवोकेट श्रवण केजड़ीवाल, परमेश्वर हलवाई, रोहिताश्व बंसल, सुनिल तुलस्यान, सीए पवन केडिया, संतोष भगेरिया सीकर एवं संदीप बेरीवाला सूरत है जो विभिन्न स्वयंसेवी सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं से जुड़े हुए सेवाभावी व्यक्ति हैं। जिनके कुशल मार्ग निर्देशन में संस्था समाजोपयोगी कार्य समय समय पर कर रही है।

### एआईडीवाव्हीओ के कार्यकताओं ने मजदूर दिवस पर शहिदों को श्रद्धांजलि दी

**पिलानी (सीमा सन्देश संवाददाता)।** ऑल इण्डिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाईजेशन तथा ऑल इण्डिया किसान खेत मजदूर संगठन के तत्वावधान में 1मई 25 को मजदूरदिवस के उपलक्ष पर कस्बा पिलानी वार्ड नंबर --23 बाल्मीकि बस्ती में शहीदों को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें बस्ती के लोगों ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाग लिया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के पश्चात पिलानी में पीने के पानी कि किल्लत को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। वक्ताओं ने मई दिवस के अवसर पर आह्वान किया कि ₹ दुनिया के मजदूरों एक हो। सभी लोगों ने इस बात का संकल्प लिया कि जब तक कुंभाराम नहर परियोजना का पानी पिलानी को नहीं मिलेगा तब तक आन्दोलन जारी रहेगा। विरोध प्रदर्शन में दौलतराम , प्रह्लाद, दिनेश, वेदप्रकाश, माडूराम, मीरा ,राजबाला, संजू , पूनम , ममता , नानड़ , श्याम लाल, महावीर प्रसाद, महादेव, विष्णु , शंकर दहिया , राजेंद्र सिहाग, डॉ रविकांत, प्रताप आलड़िया तथा अन्य लोगों ने भाग लिया।

# मुकुंदगढ़ में भागवत कथा की शुरूआत पर डीजे के साथ निकाली कलश यात्रा,उमड़े श्रद्धालु



सीमा सन्देश संवाददाता

**मुकुंदगढ़।** कस्बे में गोपीनाथ मंदिर के पीछे सुरोलिया गेस्ट हाउस में शुक्रवार से सात दिवसीय भागवत कथा शुरू हुई। कथा की शुरूआत पर मंडावा रोड स्थित श्रृंगारी सती मंदिर कथा स्थल तक सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के महंत योगी चेतननाथ महाराज के सानिध्य में डीजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कथा आयोजक विजयलक्ष्मी-अशोक सुरोलिया बतौर यजमान भागवत को सिर पर धारण कर कलश यात्रा में शामिल हुए।कलश यात्रा मंडावा रोड नटवर नरेश मंदिर,मुख्य बाजार व गोपीनाथ मंदिर होते हुए कथा स्थल पहुंची। इस दौरान रास्ते में जगह जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया।कथा के पहले दिन व्यासपीठ से श्रीधाम वृंदावन के कथावाचक आचार्य निकुंज कृष्ण व्यास ने भागवत कथा के महात्म्य पर प्रकाश डाला।उन्होने परीक्षित जन्म की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद भागवत कथा भव रोग की औषधि है,जो कि हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। भागवत कथा ज्ञान और वैराग्य के साथ में भक्ति को जागृत करती है। कथा व्यास ने बताया कि आज प्रत्येक गृहस्थ आश्रम अशांति के बातावरण में जी रहा है।भागवत कथा सुनने मात्र से मनुष्य के मन को शांति मिलती है और पापों का नाश होता है।इस अवसर पर रामनिवास शास्त्री परसरामपुरा,राजाराम सुरोलिया,डीके सुरोलिया,विनोद सुरोलिया,पूर्व चेयरमैन सत्यनारायण सैनी,पंडित आदित्य नारायण सुरोलिया,पार्षद राजकुमार चेजारा,रमेश दर्जी, व्यापार संघ अध्यक्ष पवन पचलंगिया,बनवारी लाल शर्मा,राजेंद्र पोरवाल,रक्षपाल शर्मा,मुरारी लाल मुरारका,दिनेश बेरीवाला,अशोक मोदी,डॉ डीके शर्मा,सज्जन सैन,चन्द्रपाल दूलर,प्रहलाद चेजारा,विजय जगनाणी, महेन्द्र अजाड़ीवाल, राकेश गुर्जर,मनीष मोदी,सुरेश सुरोलिया,बबीता चेजारा, ललिता चेजारा, मुन्नी पोरवाल, सरला सुरोलिया,सरिता सुरोलिया,माया सैनी, अनिता सैन, पिंकी शर्मा,, सीमा शर्मा, सुषमा गुर्जर,अनिता नाई,सरोज सुरोलिया आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

### चिड़ावा में संकट मोचन द्वारकाधीश मंदिर में होगा 2236वां संगीतमय सुंदरकांड पाठ आज

# श्री महावीर मंडल, पिलानी द्वारा 42 वर्षों से अनवरत जारी है धार्मिक आयोजन



सीमा सन्देश संवाददाता

**चिड़ावा।** शहर के संकट मोचन द्वारकाधीश मंदिर में आगामी 3 मई 2025, शनिवार को एक भव्य धार्मिक आयोजन के तहत संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन श्री महावीर मंडल, पिलानी द्वारा किया जा रहा है, जो बीते 42 वर्षों से लगातार इस परंपरा को निभा रहा है। यह 2236वां सुंदरकांड पाठ होगा, जो मंदिर परिसर में सायं 3:15 बजे से शुरू होगा। आयोजन के माध्यम से भक्तों को आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति रस की अनुभूति होगी। आयोजन के मुख्या राधेश्याम शर्मा सुखाड़िया (पुत्र स्व. वासुदेव शर्मा) एवं उनका परिवार है, जो सभी श्रद्धालुओं को सपरिवार आमंत्रित कर रहा है।आयोजन स्थल संकट मोचन द्वारकाधीश मंदिर, रेलवे स्टेशन रोड, राणी सती दादी मंदिर के पास, चिड़ावा। सभी भक्तों से निवेदन? है कि इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर हनुमान जी महाराज की कृपा प्राप्त करें।

# जन्मदिन पर पीएमओ डॉ. भांबू ने लिया स्तरीय चिकित्सा सुविधा देने का संकल्प



### सेवा के संकल्प ही सर्वोपरी

सीमा सन्देश संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिले के सबसे बड़े जिला अस्पताल राजकीय बीडीके हॉस्पिटल के युवा पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू का जन्मदिन गुरूवार को उत्साह के साथ मनाया गया। दिनभर उन्हें फोन और सोशल मीडिया पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। वहीं उनके कार्यालय में भी बड़ी संख्या में चिकित्सक, चिकित्साकर्मी, शहरवासी और शुभचिंतकों ने पहुंचकर केक काटकर डॉ. भांबू का जन्मदिन मनाया। इस मौके पर डॉ. भांबू के निर्देशन में कई जगहों पर सामाजिक सरोकारों के कार्य हुए। डॉ. भांबू ने कहा कि वे चिकित्सकीय पेशे में पीड़ित मानवता की सेवा करने आए थे। लेकिन अब उन्हें सरकार ने पीएमओ की जिम्मेदारी दी है। तो वे चाहते है कि बीडीके अस्पताल में आने वाले हर मरीज को स्तरीय चिकित्सा सुविधा मिले।

जन्मदिन के मौके पर भी डॉ. भांबू ने बीडीके अस्पताल को स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं में प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ अस्पताल बनाने का संकल्प लिया और कहा कि यहां आने वाले मरीजों को आधुनिक चिकित्सा और वो भी पूरी तरह से फ्री उपलब्ध करवाई जाएगी।

# चिड़ावा में तेज आंधी से जनजीवन प्रभावित

- 14 बिजली पोल गिरे, विभाग को दो लाख रुपये का नुकसान
- 50-60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चली हवाओं ने मचाई तबाही, कई इलाकों की बिजली गुल।



सीमा सन्देश संवाददाता

**चिड़ावा।** शहर मे गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात करीब 2:30 बजे अचानक चली तेज आंधी ने चिड़ावा शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई। मौसम विभाग के अनुसार, हवा की रफ्तार 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा रही, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। आंधी के चलते बाजारों में दुकानों पर लगे कई होर्डिंग्स टूटकर गिर गए और कुछ स्थानों पर दुकानों के सामने लगे तिरपाल फट गए। ग्रामीण इलाकों में पशुओं के बाड़ों की टिन की छतें भी उड़ गईं, जिससे नुकसान की खबरें सामने आई हैं। आंधी का सबसे गंभीर प्रभाव बिजली व्यवस्था पर पड़ा। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 12 बिजली पोल और दो ट्रांसफॉर्मर स्ट्रक्चर गिर गए, जिससे कई स्थानों पर विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली विभाग के सहायक अभियंता आजाद अहलावत ने बताया कि विभाग को इस आंधी से लगभग दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक पोल टूटने की घटनाएं सामने आई हैं। विभाग की कई टीमें बिजली बहाल करने के कार्य में जुटी हुई हैं और जल्द ही व्यवस्था सामान्य करने का प्रयास जारी है।

TATA

**टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : 11 वां तल, टॉवर ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोवर परेल, मुम्बई-400013
शाखा कार्यालय : द्वितीय तल द गुमान प्रथम, आम्रपाली सर्किल, वैशाली नगर, जयपुर (राजस्थान)-302021

**अचल सम्पत्ति के विक्रय के लिए सूचना**
(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के अन्तर्गत)

**प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए 15 दिन की ई-नीलामी सूचना**

जन सामान्य तथा विशेष रूप से निम्नलिखित ऋणधारक और सह-ऋणधारक या उनके विधिक वारिसों/प्रतिनिधियों (ऋणधारकों) को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लेखित अचल सम्पत्ति जो **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड (टीसीएचएफएल)** के पास गिरवी है, का कब्जा टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, को नीचे उल्लेखित ऋणधारक व सहऋणधारकों से बकाया की वसूली के लिए 'जो है जहां है','जैसा है जो है' तथा 'जो भी वहां है' 'बिना किसी रिकोर्स के आधार पर' **20.05.2025** को विक्रय किया जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि जमा का उल्लेख नीचे है। यहां यह सूचित किया जाता है कि इस सुरक्षित आस्ति/सम्पत्ति का विक्रय किसी स्थगन/बिना अन्तराल ई-नीलामी द्वारा **20.05.2025** को अपराह्न 2 बजे किया जाएगा। ई-नीलामी में भाग लेने के लिए टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को ईएमडी का डिमांड ड्राफ्ट सीलबंद लिफाफे में **19.05.2025 को सायं 5 बजे तक** या उससे पूर्व शाखा पता **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड,** द्वितीय तल द गुमान प्रथम, आम्रपाली सर्किल, वैशाली नगर, जयपुर (राजस्थान) 302021 को प्रस्तुत करना होगा।
सुरक्षित आस्ति/अचल सम्पत्ति का विक्रय 'जैसी है वहां जो स्थिति है' के आधार पर किया जाएगा, जिनका संक्षिप्त विवरण यहां निम्नानुसार है :

| क्रम. सं. | ऋण खाता संख्या | ऋणधारक (ों)/सह-ऋणधारक (ों) विधिक वारिस (ों) / विधिक प्रतिनिधि /जमानतदार(ों) के नाम | डिमांड नोटिस के अनुसार राशि | आरक्षित मूल्य | बयाना राशि | कब्जे का प्रकार | के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 9945818 | श्री संजय कुमार शर्मा पुत्र स्व श्री छग्गन लाल शर्मा, श्रीमती पुष्पा देवी शर्मा पत्नी श्री छग्गन लाल शर्मा | Rs. 11,30,950/- (रुपये ग्यारह लाख तीस हजार नौ सौ पचास मात्र) 15-04-2024 | Rs. 7,90,000/- (रुपये सात लाख नब्बे हजार मात्र) | Rs. 79,000/- (रुपये उनासी हजार मात्र) | भौतिक | Rs. 14,13,339/- (रुपये चौदह लाख तेरह हजार तीन सौ उनतालीस मात्र) |
| | | **अचल सम्पत्ति का विवरण :** ग्राम मांचवा, सोनू अपार्टमेंट -16 के रूप में जाना जाने वाला इलाका, झोटवाड़ा कालवाड़ रोड, जयपुर शहर, तहसील और जिला जयपुर (राजस्थान) स्थित प्लॉट सं. ए-43 (पूर्व मुखी) पर निर्मित आवासीय फ्लैट सं. 402 के समस्त खण्ड व हिस्से, बिक्री संलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाओं के साथ। सीमा:- **पूर्व** :- सड़क 40' चौड़ी **पश्चिम**:- प्लॉट संख्या ए-62 **उत्तर**:- प्लॉट संख्या ए-44 **दक्षिण**:- प्लॉट संख्या ए-42। | | | | | |
| 2. | TCHHL03060 00100074757 | स्वर्गीय श्रीमती कुइना एलिजाबेथ पत्नी स्वर्गीय श्री देवदत्त मसीह, इसके कानूनी उत्तराधिकारी के माध्यम से, i आशीष मसीह पुत्र स्वर्गीय श्रीमती कुइना एलिजाबेथ-सह-ऋणधारक और कानूनी उत्तराधिकारी, ii शिबा जेम्स पुत्री स्वर्गीय श्रीमती कुइना एलिजाबेथ-कानूनी उत्तराधिकारी, iii अभिषेक मसीह पुत्र स्वर्गीय श्रीमती कुइना एली, श्री आशीष मसीह पुत्र स्वर्गीय श्री देवदत्त मसीह, शिबा जेम्स पुत्री स्वर्गीय श्रीमती कुइना एलिजाबेथ-कानूनी उत्तराधिकारी, अभिषेक मसीह पुत्र स्वर्गीय श्रीमती कुइना एलिजाबेथ-कानूनी उत्तराधिकारी | Rs. 8,55,269/- (रुपये आठ लाख पिचपन हजार दो सौ उनहत्तर मात्र) 15-12-2023 | Rs. 7,99,000/- (रुपये सात लाख निन्यानवे हजार मात्र) | Rs. 79,900/- (रुपये उनासी हजार नौ सौ मात्र) | भौतिक | Rs. 11,83,445/- (रुपये ग्यारह लाख तिरासी हजार चार सौ पैंतालीस मात्र) 30.4.2025 के अनुसार |
| | | **अचल संपत्ति का विवरण:** सोनू अपार्टमेंट-12, रॉयल सिटी योजना, माचवा, कलवाड़ रोड, झोटवाड़ा, जयपुर-302012 (राजस्थान) में स्थित प्लॉट सं. ए-71 पर निर्मित द्वितीय तल, आवासीय फ्लैट सं 402 के समस्त खण्ड व हिस्से, अधिमापन 750 स्क्वैयर फीट, बिक्री संलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाओं के साथ। सीमाबद्धः- **पूर्व** :- सड़क 40' चौड़ी, **पश्चिम**:- प्लॉट नंबर ए-85, **उत्तर**:- प्लॉट नंबर ए-72, **दक्षिण**:- प्लॉट नंबर ए-70. | | | | | |

नीलामी के समय जन सामान्य व्यक्तिगत रूप से बोली(यां) प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित है। इस विक्रय से जुड़े किसी भी अधिकारी या अन्य व्यक्ति का इस विक्रय निष्पादन प्रक्रिया के दौरान कोई कर्तव्य-अधिकार नहीं होगा तथापि अचल संपत्ति के विक्रय, बोली, अधिग्रहण या अधिग्रहण के प्रयास में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई भी हित नहीं होगा।
विक्रय का विषय प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों के अंतर्गत होगा तथा निम्नांकित शर्तों के अधीन किया जाएगा :

**नोट: सम्पत्तियों की ई-नीलामी का आयोजन पोर्टल पर https://bankauctions.in पर 20.05.2025 को दोपहर 2.00 से सायं 3.00 के बीच 5 मिनट के प्रत्येक सीमित विस्तार अंतराल के साथ किया जाएगा।**

**नियम व शर्तें :** 1. अनुसूची में वर्णित विवरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के सर्वोत्तम ज्ञान एवं सूचना अनुसार कथन किए गए हैं, परन्तु इस उद्घोषणा में हुई किसी भी चूक, मिथ्या कथन या भूल के लिए अधोहस्ताक्षरकर्ता उत्तरदायी नहीं होंगे। बोली राशि, बोलीदार संबंधित किसी भी विवाद की स्थिति में अचल सम्पत्ति को नीलामी में पुनः रखना प्राधिकृत अधिकारी के विवेक पर निर्णय होगा। 2. अचल संपत्ति का विक्रय आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं किया जाएगा। 3. बोली बढ़ाने की राशि **रु. 10,000/- (रुपए दस हजार मात्र)** रहेगी। 4. संपत्ति के क्रय हेतु प्रस्तुत सभी निविदाओं के साथ धरोहर राशि जो '**टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लि.**, के शाखा पते के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा होना आवश्यक है, असफल बोलीदाता को डिमांड ड्राफ्ट वापस कर दिया जाएगा। एनइएफटी/आरटीजीएस/आईएमपीएस के माध्यम से ईएमडी भुगतान के लिए कृपया प्रधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें। 5. किसी भी उच्चतम बोलीदाता को क्रयकर्ता घोषित करना हमेशा ही एक विधिसम्मत प्रक्रिया होती है एवं उसे कानूनी रूप से पात्र माना जाता है, जबकि उसकी बोली राशि आरक्षित मूल्य से कम नहीं होनी चाहिए। यह प्राधिकृत अधिकारी के विवेक पर है कि जब ऑफर किया गया मूल्य स्पष्टरूप से यह संकेत कर रहा हो तो यह अनुचित है तो वह उच्चतम बोली को स्वीकार करने से इनकार कर दे। 6. दर्ज किये गये कारणों से यह 'प्राधिकृत अधिकारी' का स्वनिर्णय का अधिकार है कि वह विक्रय को आगे बढ़ा दे या रोक दे। 7. सम्पत्तियों का निरीक्षण **13.05.2025** को **प्रातः 11 से सायं 5.00** बजे के मध्य किया जा सकता है। 8. प्राधिकृत अधिकारी के पास 24 घंटे में क्रय मूल्य/बोली की राशि का पच्चीस प्रतिशत (जिसमें ईएमडी राशि शामिल होगी) राशि जमा करने पर व्यक्ति को क्रेता घोषित किया जाएगा, इस जमा में असफल रहने पर सम्पत्ति ताजा नीलामी/निजी संधि से विक्रय हेतु रखी जाएगी। 9. प्राथमिक रूप से उपरोक्त अनुसार राशि जमा करने की दशा में, क्रेता को संपत्ति की पुष्टि की दिनांक से 15वें दिन या इससे पहले, 15 वें दिन अवकाश या रविवार हो तो 15वें दिन के पश्चात प्रथम दिन तक प्राधिकृत अधिकारी के पास क्रय बोली राशि की शेष राशि जमा करनी होगी। 10. उपरोक्त अवधि में भुगतान में किसी चूक की स्थिति में सम्पत्ति को निजी संधि द्वारा नई नीलामी/बिक्री के लिए रखा जाएगा। ईएमडी सहित जमा **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लि.** द्वारा जब्त कर ली जाएगी और चूककर्ता क्रेता सम्पत्ति के सभी दावों को खो बैठेगा। (11) ऊपर बताई गई अवधि के भीतर किसी भी भुगतान में चूक की स्थिति में, संपत्ति को निजी संधि द्वारा नए सिरे से नीलामी/बिक्री के लिए रखा जाएगा। ईएमडी सहित जमा राशि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा जब्त कर ली जाएगी और चूककर्ता खरीदार संपत्ति पर सभी दावे खो देगा। 12. **किसी भी अन्य विवरण या ई-नीलामी की प्रक्रिया के ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए सम्भावित बोलीदाता सेवा प्रदाता, मैसर्स 4क्लोजर, ब्लॉक संख्या 605 ए, छठा तल, मैत्रीवनम कमर्शियल कॉम्पलैक्स, अमीरपेट, हैदराबाद -500038 ईमेल : info@bankauctions.in मनीष बंसल, ईमेल आईडी Manish.Bansal@tatacapital.com प्राधिकृत अधिकारी मोबा. नं. 8588983696, कृपया अपनी पूछताछ वट्सऐप नं. 9999078669 पर भेजें।** 13. टीडीएस 1 प्रतिशत लागू होगा और यह घोषित उच्चतम बोली राशि पर उच्चतम बोलीदाता द्वारा देय होगा। उच्चतम बोलीदाता द्वारा भुगतान मालिक/ऋणधारक(ों) के पैन से जमा होगा और हमारी कम्पनी को चालान की प्रति प्रस्तुत करनी होगी। 14. कृपया उक्त विवरण के लिए उक्त विवरण के लिए सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट पर इस लिंक पर जाएं **http://surl.li/zyvqwx** 15. कृपया इस लिंक पर भी जाएं: **https://www.tatacapital.com/property-disposal.html**

**कृपया ध्यान दें:** टीसीएचएफएल ने इस सम्पत्ति के बिक्री/नीलामी के लिए उल्लेखित नीलामी साझेदार की ओर से किसी भी ब्रोकर/एजेंट को अनुबंधित नहीं किया है। इच्छुक पार्टियां इस मामले में समस्त पूछताछ व प्रश्नावली के लिए केवल प्राधिकृत अधिकारी या अधोहस्ताक्षरकर्ता से सम्पर्क करें।

स्थान : राजस्थान
तिथि : 03.05.2025

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि.

# शेखावाटी की हवेलियों और खाटूश्यामजी कॉरिडोर डीपीआर की समीक्षा की

सीमा सन्देश संवाददाता



**नवलगढ़।** राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने छत्तीसगढ़ भवन खाटूश्यामजी में शेखावाटी क्षेत्र की ऐतिहासिक हवेलियों के संरक्षण और श्री खाटूश्यामजी मंदिर कॉरिडोर के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर आयोजित बैठक में सीकर, झुंझुनूं और चूरू के जिला कलेक्टर, पर्यटन हितधारक, श्री श्याम मंदिर कमेटी के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने शेखावाटी की सांस्कृतिक धरोहर को मूल स्वरूप में संरक्षित करने और खाटूश्यामजी मंदिर को विश्वस्तरीय तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने शेखावाटी की विश्व प्रसिद्ध हवेलियों के संरक्षण के लिए किए जाने वाले प्रभावी उपायों पर जोर दिया। उन्होंने हवेलियों की रजिस्ट्री और स्थानांतरण के दौरान कड़ी जांच, जिला व नगरपालिका स्तर पर कमेटी गठन, नियमित मॉनिटरिंग और अतिक्रमण हटाने की त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में हेरिटेज संरक्षण के लिए विधानसभा में विशेष एक्ट लाने की आवश्यकता पर बल देते हुए तमिलनाडु के चेट्टीनाड मॉडल का अध्ययन कर शेखावाटी में लागू करने का सुझाव दिया। वहीं यूनेस्को की हेरिटेज रिपोर्ट की समीक्षा कर इन स्थलों को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए बेहतर कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। हितधारकों ने हवेलियों के लिए जोन निर्धारण, हेरिटेज कंजर्वेशन अथॉरिटी गठन और पर्यटन केंद्रित बजट जैसे सुझाव दिए, जिन्हें उप मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लेते हुए सभी जिला कलेक्टर्स को त्वरित कार्यवाही के लिए कहा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शेखावाटी की हवेलियों के संरक्षण से संबंधित सुझावों को अमल में लाने के लिए शीघ्र ही जयपुर में सभी संबंधित विभागों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जाएगा।

**हेरिटेज हवेलियां, छतरियां है शेखावाटी की शान, इनको तोड ? पर लगे विरामः** बैठक में पर्यटन व्यवसायियों ने कहा कि यह मीटिंग शेखावाटी क्षेत्र के लिए बहुत ही एतिहासिक है। मीटिंग में तय किया गया है कि एतिहासिक धरोहर को बचाया जाए। हमें उम्मीद है कि धरोहर को तोडकर जो कॉमर्सलाइजेशन हो रहा है उसपर पूर्ण विराम लगाया जाएगा। ऐसी पॉलिशिज बनेगी जिससे हेरिटेज को नष्ट करना मुश्किल हो जाएगा।

हेरिटेज हवेलियां, छतरियां, फोर्ट शेखावाटी की शान है। उन्होंने हेरिटेज को लेकर उपमुख्यत्री दीया कुमारी की तरफ से किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर गजसिंह अलसीसर, विजेन्द्र सिंह इन्द्रपुरा, अंगददेव सिंह मंडावा, मनोज जोहरी, सुनैना मिश्रा, डॉ. मधुसूदन मालानी, श्रुति पोदार, अतुल खन्ना ने भी भाग लिया।